हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025




# दो साल बाद प्रमोशनः 69 शिक्षक बने प्राचार्य, जिले की 111 स्कूलों को मिले नए प्रिंसिपल

## आज ज्वाईनिंग देंगे नए प्राचार्य, जिले के छुरिया ब्लॉक में अब भी तीन दर्जन स्कूलें रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दो साल से अटके हुए प्रमोशन मामले हाईकोर्ट से मामला साफ होने के बाद अब प्रदेशभर में नए प्राचार्य की सूची जारी कर दी गई है। जिलेवार वरीयता के अनुसार काउंसलिंग बाद सूची जारी की गई है। जिसमें राजनांदगांव जिले को 111 नए प्राचार्य मिले हैं। वहीं जिले के 69 शिक्षकों को भी प्राचार्य का प्रमोशन दिया गया है। अधिकांश नए प्राचार्य आज ज्वाइनिंग भी कर लेंगे। हालांकि अब भी जिले के 34 स्कूलों में प्राचार्य की पोस्टिंग नहीं की जा सकी है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के ई-संवर्ग के 1378 व्याख्याताओं के प्राचार्य पद पर पदोन्नति को लेकर चल रही लंबी कानूनी लड़ाई के बाद पदोन्नति पर लगी रोक को हटाते हुए राज्य सरकार की नीति और तय किए गए नियमों को पूरी तरह से वैध ठहराया है। पिछले दो साल से जारी इस मामले में कई शिक्षकों और संगठनों ने अलग-अलग आधार पर याचिकाएं दायर कर रखी थी। इन याचिकाओं में 2019 के नियम और 2025 की पदोन्नति सूची से जुड़े मामले शामिल थे। इस मामले में 28 मार्च 2025 को हुई पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह आश्वासन दिया गया था कि अगली सुनवाई तक कोई नया पदोन्नति आदेश जारी नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके सरकार ने 30 अप्रैल को पदोन्नति सूची जारी कर दी। इस पर हाईकोर्ट ने 1 मई को इस पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब रास्ता साफ हो गया है। जिसके बाद काउंसलिंग और वरीयता के आधार पर सूची जारी कर दी गई है।

### 166 में से 21 में ही प्राचार्य

मिली जानकारी के अनुसार जिले की कुल 166 स्कूलों में महज 21 सरकारी स्कूलों में ही स्थाई प्राचार्य थे। शेष स्कूलों में प्रभारी प्राचार्य के जरिये संचालन कराया जा रहा था, लेकिन अब प्रमोशन के बाद जिले को 111 प्राचार्य मिल गए हैं। इनमें जिले के 69 प्रोफेसर एवं अन्य जिलों से 42 को जिले में प्राचार्य बनाया गया है। जबकि अब भी 34 स्कूलों को प्राचार्य की जरूरत है। इनमें अधिकांश छुरिया ब्लॉक के स्कूल शामिल हैं।



### हाईकोर्ट ने नियम को सही ठहराया

इस मामले में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा बनाए गए भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 में कोई कानूनी त्रुटि नहीं है। साथ ही कोर्ट ने बीएड और डीएलएड दोनों तरह की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले व्याख्याताओं को प्राचार्य पदोन्नति के लिए पात्र मानने के नियम को भी सही ठहराया। यही कारण है कि अब अनुपात के अनुसार ही अलग-अलग वर्ग के शिक्षकों को प्रमोशन देकर प्राचार्य बनाया जाएगा।

### काउंसलिंग के बाद आई सूची

प्रदेश स्तर पर जिलेवार वरीयता सूची पहले से ही तैयार की जा चुकी थी। जिसके बाद नवंबर के पहले एवं दूसरे सप्ताह में काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इसके बाद जिलेवार रिक्त प्राचार्य पद पर पोस्टिंग के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें वरिष्ठता के आधार पर स्थान दिए जाने की बातें भी कही जा रही है। हालांकि अब भी जिले में दो दर्जन से अधिक स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिक से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नाबालिक को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 29 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति 28 नवंबर को बहला-फुसला कर भगाकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में चिखली पुलिस टीम तैयार कर अपहृता की पतासाजी हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, यात्री प्रतिक्षालयों में दबिश दिया गया। अपहृता को जिला कबीरधाम पंडरिया बस स्टैंड में आरोपी धरमू बंजारे के कब्जे से बरामद किया गया।

पीड़िता के कथन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 87, 64(2)(ड) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट शामिल कर आरोपी धरमू बंजारे 20 साल साकिन बाघमुड़ा को न्यायालय में पेश किया गया व आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## उठाव के लिए मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया जारी, संग्रहण केंद्र भी तैयार

# तीन जिले में 18 लाख क्विंटल धान खरीदी उठाव शून्य, 41 केंद्र में बफर लिमिट पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विगत 14 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी के तहत अविभाजित जिले में भी 18 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। हर गुजरते दिन के साथ आवक भी तेज हो रही है, परन्तु एक पखवाड़े की खरीदी के बाद भी अब तक उठाव शुरू नहीं हो पाया है। तीनों जिलों में उठाव की स्थिति शून्य है। जिसके चलते 41 से अधिक केंद्रों में बफर लिमिट भी पार हो गई है। हालांकि अब तक अविभाजित जिले के किसी भी केंद्र से बफर लिमिट के चलते खरीदी प्रभावित होने की खबरें सामने नहीं आई है।

इधर प्रशासनिक स्तर पर जिलेवार उठाव के लिए मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया की जा रही है। बताया गया कि जिन मिलर्स ने पिछले साल का धान जमा करा दिया है, उनसे नया अनुबंध कर लिया गया है। हालांकि अब भी अनुबंध वाले मिलर्स की संख्या कम है। जिसके चलते उठाव शुरू नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के दृष्टिकोण से अविभाजित राजनांदगांव जिला प्रदेश में टॉप जिलों में शामिल है। लाखों की संख्या में किसान अपनी उपज तीनों ही जिलों में सरकार को बेचते रहे हैं। इस बार भी सवा दो लाख से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन धान बिक्री के लिए कराया है। किसान अपनी उपज बेचने के लिए केंद्रों तक पहुंच भी रहे हैं, परन्तु उठाव अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जबकि इस बार की धान खरीदी से पहले ही समिति प्रबंधकों ने उठाव तेज गति से करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी।

### 48 मिलर्स से अनुबंध

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में उठाव के लिए राईस मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब तक जिले में 48 राईस मिलर्स से इस सत्र के लिए उठाव को लेकर अनुबंध कर लिया गया है। जबकि जिले में लगभग 90 राईस मिल हैं। इनमें वह राईस मिलर्स जिन्होंने पिछले साल के कोटे का 70 फीसदी चावल जमा नहीं किया है, उनसे नया अनुबंध नहीं किया जा रहा है।

- खरीदी में अनियमितता, मेढ़ा उपार्जन केंद्र के प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को किया खरीदी कार्य से पृथक



### वनांचल में एक केंद्र ही बफर लिमिट के पार

अविभाजित राजनांदगांव जिले में जहां उठाव नहीं होने से 41 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। वहीं इनमें मोहला-मानपुर जिले में केवल एक खरीदी केंद्र ही शामिल है। वहीं राजनांदगांव जिले के 22 खरीदी केंद्र ऐसे है, जहां खरीदी की बफर लिमिट पार हो गई है। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के 18 खरीदी केंद्र बफर लिमिट से पार हो गए हैं। हालांकि इन तीनों जिलों में एक भी केंद्र में जाम की वजह से खरीदी प्रभावित नहीं हुई है।

**अब तक इतनी खरीदी :** अविभाजित जिले में अब तक 33890 हजार किसानों से 18 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। राजनांदगांव जिले के 19644 किसानों से 1004186 क्विंटल धान लिया जा चुका है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 9693 किसानों से 589292 क्विंटल और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 4553 किसानों से 211372 क्विंटल धान की खरीदी हो गई है।

### प्रभारी को हटाया

मेढ़ा के धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को धान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार एसडीएम एवं नायब तहसीलदार द्वारा धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा ग्राम पिपरिया के कृषक लिखन कंवर को धोखे में रखकर उनके कृषक धान पंजीयन के विरूद्ध अवैध धान विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके कारण ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है।

## सीएम के दौरे से पहले मिला उपहार

# जिला बनने के तीन साल बाद 'मोहला' बना नगर पंचायत, 4 ग्रापं होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

तीन साल पहले तत्कालीन सरकार द्वारा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को जिला बनाए जाने के बाद से ही जारी नगर पंचायत बनाए जाने की मांग आखिरकार साय सरकार ने पूरी कर दी है। शासन के पंचायत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी करते हुए मोहला को नगर पंचायत का दर्जा दिया है। इस नगर पंचायत में मोहला सहित चार ग्राम पंचायत शामिल होंगी।

पंचायत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के जिला मुख्यालय मोहला को नया नगर पंचायत गठित करने के लिए अधिसूचना जारी की है। जिनमें संबंधित ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए प्रस्तावित सीमाएं तय की गई है। उल्लेखनीय है कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन (नवा रायपुर) ने 28 नवंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में नया नगर पंचायत गठित करने का अभिप्राय जारी किया है। यह अधिसूचना छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5(1)(ख) के तहत जारी की गई है।



**नगर पंचायत में यह ग्राम पंचायत होंगे शामिल**

अधिसूचना में दिए गए अनुसूची-1 के अनुसार निम्न ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत मोहला में सम्मिलित करने का प्रस्ताव है। मोहला छुरिया, चिलमटोला माडिंगपिड़िग धेनू इन ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़कर मोहला क्षेत्र को एक संगठित नगरीय इकाई का स्वरूप देने का लक्ष्य है। इस नगर पंचायत की कुल आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 10256 होगी।

# गाली-गलौज कर ढाबा में मचाया हंगामा, दो गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाई को गाली देने की बात करते आरोपियों ने ढाबा में हॉकी स्टीक व चाकू लहराकर हंगामा किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश जारी है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दुर्ग निवासी शाहरूख, इजू इरानी, मुंसिफ खान उर्फ अद्धू पटेल एवं मुकेश सभी प्रार्थी द्वारा संचालित हाईवे ढाबा देवादा में आए और फोन में मेरे भाई को गाली दिए हो कहकर गाली-गलौज कर रहे थे। शाहरूख अपने हाथ में हॉकी स्टीक तथा इजु इरानी अपने हाथ में चाकू रखा था। गाली-गलौज कर ढाबे में हंगामा कर चाकू एवं हॉकी स्टीक लहराते हुए कुछ देर तक ढाबा में घूमे-फिर चले गए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त चारो के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य फरार है।

**चाकू-मोपेड जब्त, आरोपी जेल दाखिलः** इस मामले में पुलिस टीम गठित कर आरोपी मुंसिफ खान उर्फ अद्धू पटेल एवं शाहरूख हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो अपने दो अन्य फरार साथियों के साथ घटना करना स्वीकार किया। आरोपी मुंसिफ खान उर्फ अद्धू पटेल एवं आरोपी शाहरूख हुसैन से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं मोपेड को जब्त किया गया है। आरोपी शाहरूक हुसैन 25 साल निवासी कसारीडीह, मुंसिफ खान उर्फ अद्धू पटेल 21 साल निवासी कसारीडीह को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है। मामले में अन्य आरोपी इजू इरानी एवं मुकेश फरार है।

# जमीन के सरकारी दरों में वृद्धि के खिलाफ कारोबारियों का प्रदर्शन, दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार द्वारा जमीन की शासकीय दरों में बेतहाशा वृद्धि किए जाने के मामले को लेकर आज जमीन कारोबार से जुड़े लोगों ने शहर के जयस्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते जमकर नारेबाजी की।

जमीन की सरकारी रेट बढ़ाए जाने के चलते जमीन का कारोबार ठप हो गया है। जमीन की खरीदी-बिक्री बंद सी हो गई है। इस कारोबार से जुड़े लोगों को काफी दिक्कतें हो रही है। वहीं जमीन के रेट बढ़ने से स्टाम्प ड्यूटी भी बढ़ चुकी है। जिसके चलते जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में ही जमीन दरों को बढ़ाया जाने को लेकर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों ने जयस्तंभ चौक में पंडाल लगाकर धरना प्रदर्शन करते विरोध जताया।




### हर वर्ग का व्यक्ति प्रभावित


जमीन की दरों में वृद्धि को लेकर जमीन कारोबार से जुड़े प्रदर्शनकारी सतीश साहू और उमेश साहू ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में ही जमीन के सरकारी रेट में लगभग तीन-चार सौ प्रतिशत वृद्धि कर दी गई है। इससे हर वर्ग प्रभावित हो गया है और इस दर पर कोई भी जमीन नहीं ले पाएगा। उन्होंने कहा कि स्टाम्प ड्यूटी भी बेतहाशा बढ़ गई है। पहले 15000 में रजिस्ट्री हो जाती थी, अब 4 लाख रुपए लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है।

### जमीन के खरीददार नहीं

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जमीन के दरों में कई गुना इजाफा होने के चलते खरीदी-बिक्री को लेकर जो एग्रीमेंट हुआ था, वह भी बढ़ी हुई दरों की वजह से कैंसिल हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण स्टाम्प ड्यूटी शुल्क है। धरना प्रदर्शन के दौरान कहा गया कि इस बढ़ी हुई दर में कोई भी जमीन खरीद नहीं पा रहा है। जिससे जरूरतमंद लोग भी अपनी जमीन नहीं बेच पा रहे हैं। सरकार से बढ़ी हुई दरें वापस लेने की मांग की है।

### वनांचल में आज आ रहे सीएम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 3 दिसंबर को क्रिकेट मैदान, अंबागढ़ चौकी में किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहेंगे। जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन द्वारा आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पर्यटन, श्रम कल्याण, औषधि पादप बोर्ड सहित विभिन्न बोर्ड व निगमों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। जिनमें नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा और विकास मरकाम उपस्थित रहेंगे।



## खरीदी कार्य पूरा होने के बाद पहुंचेगी सत्यापन की टीम, होगी पूरी जांच-पड़ताल

# 528 क्विंटल धान पकड़ाया, घुमका में सत्यापन करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को भी जिले में प्रशासन द्वारा सात प्रकरण में 16 लाख से अधिक का अवैध धान जब्त किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन ने अब धान खरीदी केंद्रों का सत्यापन भी शुरू कर दिया है। मंगलवार को प्रशासन की एक टीम घुमका खरीदी केंद्र पहुंची थी, जहां उन्होंने सत्यापन का काम किया।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 7 प्रकरणों में 1636800 रुपए मूल्य के 528 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रुपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल अवैध धान एवं 8 वाहन जब्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है, जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।



### दो ब्लॉक में कार्रवाई

मंगलवार को राजनांदगांव अनुविभाग में 5 प्रकरण में 1295800 रुपए मूल्य के 418 क्विंटल अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 3.41 लाख रुपए मूल्य के 110 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

### घुमका से शुरू हुआ सत्यापन

जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर अब खरीदी केंद्रों में सत्यापन का काम शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को जिले के घुमका खरीदी केंद्र में करीबन 30 अफसर एवं कर्मचारी पहुंचे, जहां उन्होंने खरीदी की एंट्री के अनुसार धान बोरे की गिनती की। इसके साथ ही बारदाना सहित अन्य चीजों का भी सत्यापन किया। ज्ञात हो कि जिले के बाकी केंद्रों में भी सूचना के आधार पर ऐसे ही प्रशासन की टीम दबिश देकर सत्यापन का कार्य करेगी। जिससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं किसी केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता तो नहीं की जा रही है। गड़बड़ी मिलने पर तत्काल एक्शन लिए जाने की जानकारी भी दी गई है। ज्ञात हो कि इस बार की धान खरीदी में प्रशासन की टीम काफी एक्टिव नजर आ रही है।




## खबर संक्षेप

### सुधांशु महाराज का 4 को रायपुर आगमन




**राजनांदगांव।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सेवक परम सद्गुरु भक्त अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी, सचिव सौरभ खंडेलवाल व कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि परम पूज्य संत सुधांशु महाराज एवं परम वंदनीय डॉ. अर्चिका दीदी के राजधानी रायपुर आगमन पर अगवानी करेंगे।

सद्गुरु सुधांशु महाराज रायपुर के इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब में चार दिवसीय 4 से 7 दिसंबर तक प्रतिदिन सनातन संस्कृति ज्ञान गंगा प्रवाह, राष्ट्रभक्ति पथ, साधक भक्ति पथ, जीवन प्रवाह पथ, स्वस्थ कायापथ, सेवापथ का ज्ञानामृत प्रात 9 से 11.30 तक एवं संध्या 5 बजे से 7.30 बजे तक करेंगे। मंत्र दीक्षा 7 दिसंबर सुबह 11 होगी। सुधांशु महाराज के दर्शन के लिए राजनांदगांव के हजारों शिष्य 4 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम रायपुर के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से सुबह प्रस्थान करेंगे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### मंदिर का स्थापना दिवस समारोह 5 को

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 1 में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 5 दिसंबर को रखा गया है। धर्मार्थ समिति के तत्वाधान में इसी दिन 10 बजे अभिषेक, यज्ञ, हवन एवं 12 बजे आरती और भोग के बाद महाप्रसादी भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने भक्तजनो से उपस्थिति की अपील की है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 8 को

**डोंगरगांव।** संचालक आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी के निर्देशन में आगामी 8 दिसंबर को निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन पुराने हास्पिटल परिसर में किया गया है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वातरोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग आदि का आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा। बीपी, शुगर जांच भी की जाएगी। शिविर में नाड़ी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण किया जाएगा। इस मौके पर प्रकृति परीक्षण एवं काढ़ा वितरण किया जाएगा।

### 8 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर 2025 को संपूर्ण भारत में भारतीय सेनाओं के शहीदों के पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है।

इसके तहत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में 8 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन किया गया है।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के परिवारों एवं जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों की सहायता हेतु ध्वज वितरण कर धनराशि एकत्रित की जाएगी, एकत्रित राशि समामेलित विशेष निधि राज्य सैनिक बोर्ड के कोष में जमा कराई जाएगी। ध्वज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता है, परन्तु इस अवसर पर कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से जितना भी चाहे राशि अंशदान दे सकते हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस की अंशदान राशि पर आयकर की धारा 80-जी के तहत आयकर में

## तीन साल से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

# लाखों की लागत से बनी टंकी हुई जर्जर, नहीं बुझ रही ग्रामीणों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हनईबन में अपनी अधूरी कहानी बयां कर रही है। लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। टंकी अब जर्जर होने लगी है।

जानकारी के अनुसार हनईबन (आंशिक) रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना को 5 जून 2021 को स्वीकृति मिली थी। परियोजना लागत 84.48 लाख है। निर्माण का ठेका मेसर्स साईं श्रीराम बिल्डर्स रायपुर को मिला था। बड़ी राशि स्वीकृत होने किन्तु कार्य की धीमी गति के कारण यह योजना जनता के लिए मुसीबत बन गई है। सरपंच रोहित साहू और पंच श्यामसुंदर साहू ने बताया कि तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी टंकी का काम अधूरा है। टंकी परिसर में ज़मीन की फ्लोरिंग और पानी के लिए आवश्यक चैंबर तक नहीं बनाया गया है।



#### पानी सप्लाई शुरू नहीं

सरपंच और पंच ने पुष्टि करते हुए बताया कि कार्य अधूरा होने के कारण टंकी को आज तक पंचायत के हैंडओवर नहीं किया गया है। ग्राम के किसी भी घर में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण पेयजल से वंचित हैं। सबसे गंभीर चिंता का विषय टंकी की सुरक्षा है। टंकी के बाउंड्रीवाल का गेट खुला है, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से ऊपर चढ़ सकता है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इस खुली और असुरक्षित स्थिति के कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है।



#### टंकी पूर्ण करने की मांग

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने माँग की है कि लाखों खर्च होने के बावजूद अधूरी टंकी को पूर्ण किया जाए। टंकी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और हनईबन की जनता के लिए पानी की व्यवस्था अविलंब बहाल की जाए।

#### शीघ्र पूर्ण किया जाएगा

लोक स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ दिनेश सिंग ने बताया कि ठेकेदार को जल्द काम आरंभ करने कहा गया है जल्द ही कार्य को पूर्ण किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गेट पर ताला लगाया गया था परंतु असमाजिक तत्वो ने तोड़ दिया।

# एड्स पर कॉलेज के छात्रों को किया जागरूक

## कारण और बचाव की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में रेड रिबन क्लब ने विश्व एड्स दिवस मनाया। सर्वप्रथम एड्स की जागरूकता की शपथ लिया गया।

तत्पश्यात ऑपथरमिक असिस्टेंट ऑफिसर विनोद टांडेकर ने एचआईवी संक्रमण के लक्षण, उपचार, सावधानी और ग्रसित लोगों से सामान्य व्यवहार की जानकारी दी। अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने एचआईवी वायरस के प्रारंभिक लक्षण तथा संक्रमण के विभिन्न कारणों की जानकारी दी। अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने विश्व एड्स दिवस के इतिहास के बारे में बताया। चालू शिक्षा सत्र में रेड रिबन क्लब द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, हिरेंद्र सोनकर तथा भैयालाल साहू ने निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया। संचालन तथा आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंग, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, योगिता ठाकुर, हरवंश, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन, ज्ञानेश्वर आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंबिकापुर में आयोजित स्टेट लेवल क्वान की डो चैंपियनशिप में श्री स्किल एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में आदित्य मोटघरे पिता जितेंद्र मोटघरे ने 40 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



इसी प्रकार रुद्रप्रताप साहू पिता केशव साहू ने 30 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, जय निषाद पिता हरि निषाद ने 61 किलोग्राम वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पदक के साथ खिलाड़ियों का नगर पहुंचने पर स्थानीय पुराने बस स्टैंड में धूमधाम से स्वागत किया गया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनकर स्वागत किया। कोच दुरलेश्वर देवांगन एवं अकादमी के डायरेक्टर तोषण कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल किया है। इस दौरान पवन जैन, प्रेम गोस्वामी मौजूद थे।

# गिरफ्त में आया नशीली दवा का कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नशीली दवा और गुंडागर्दी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दो गंभीर अपराधों में लिप्त था। गिरफ्तार आरोपी नशीली गोलियों की तस्करी के साथ गुंडागर्दी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोपी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शबाब मेमन पिता स्व मरहूम सल्लू मेमन निवासी वार्ड 15 गंडई के रूप में हुई है।

पुलिस को गत 30 नबम्बर को सूचना मिली कि शबाब मेमन बोलेरो क्रमांक सीजी 09 जेए 6264 से प्रतिबंधित नशीली गोलियां खरीदकर वापस आ रहा है। पुलिस ने दुर्ग रोड पर नाकाबंदी कर शबाब मेमन को रोका और उसके वाहन से 320 नग नशीली



गोलियां जब्त कीं। पुलिस ने 4.50 लाख कीमत की बोलेरो, 20 हजार के दो मोबाइल फोन और नशीली गोलियां मिलाकर कुल 4,70,774 रूपए का माल जब्त किया है। शबाब मेमन के खिलाफ धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है।

#### रॉड से पीटने और धमकाने का आरोप

इस मामले की कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले शबाब मेमन पर मारपीट और गुंडागर्दी करने का भी आरोप लगा। शिकायतकर्ता अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि 30 नवम्बर को 11 बजे जब वह अनिल उर्फ गब्बर चतुर्वेदी और कुमार मारकंडे के साथ जा रहे थे, तभी शबाब मेमन ने तीन अन्य साथियों के साथ बोलेरो से आया। शबाब मेमन ने लोहे का रॉड लेकर मजदूरों के साथ गाली गलौच करने लगा। इसके बाद शबाब मेमन ने लोहे के रॉड से अनिल मारकंडे और अनिल चतुर्वेदी की पिटाई कर दी। पीड़ति के हाथ, गला, पीठ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। कुमार मारकंडे को जमीन पर पटकने से उनकी कमर, पीठ और गाल पर चोटें आईं। इसके अलावा उसने कबाड़ी मजदूर खेलन मारकंडे के घर में घुसकर उसे पीटा, जिससे दोनों भुजाओं, पीठ और कमर में चोट लगी। वहीं खड़े मनोज यादव को भी धमकाकर पीटा गया, जिससे उनके गाल पर सूजन आ गई।

# एनसीसी कैडेट्स ने दी परेड की शानदार प्रस्तुति

## कॉलेज में मनाया गया 77वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में 77 वां एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। विशेष अतिथि के रूप में रिटायर्ड सूबेदार ए. तिरुपति राव उपस्थित थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने की।

शुरुआत में स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। परेड की कमान सीनियर अंडर ऑफिसर अरसला ने संभाली। परेड में चार प्लाटून शामिल हुए। डाली यादव, कामिनी, कुष्मिता, प्रियंका सहित कई कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में दिनेश वर्मा, दीप्ति रामटेक एवं राधिका महोबिया ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। विशेष अतिथि श्री राव ने कहा कि सी सर्टिफिकेट के लिए कैडेट्स को तीन वर्ष तक नियमित रूप से एनसीसी का प्रशिक्षण पूर्ण करना आवश्यक है। संचालन गुलशन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ प्रदीप जांबुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी, डॉ नीता राजपूत, डॉ येशुकृति हजारे, डॉ सपना परिहार, नीलम सिन्हा, झरना साहू, अनिमा मिंज, मंजू धनकर, मीनाक्षी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### महेश्वर का सम्मान



**डोंगरगांव।** नगर साहू संघ एवं तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के आतिथ्य और जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समारोह में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष महेश्वर साहू को स्मृति चिन्ह एवं वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, नगर अध्यक्ष कौशल साहू, उमेश साहू, माधव साहू,चंद्रशेखर साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# पंचायत ने किया मितानिनों का सम्मान



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत में मितानिन दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर मितानिन डिलेश्वरी साहू, राजकुमारी, प्रमिला श्रीवास्तव, ममता साहू, उषा साहू, पेमिन साहू को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए श्रीफल व गिफ्ट भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में सरपंच भुनेश्वरी साहू, भूपेंद्र सोनवानी, येवेन्द्र साहू, दिलीप श्रीवास्तव, जय साहू, मीना साहू, गीता साहू आदि उपस्थित थे।

# समूह के उत्पादों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वंदना संकुल संगठन गोटाटोला का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल तथा ग्राम संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।




इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न घरेलू, हस्तनिर्मित एवं आजीविका आधारित उत्पादों के स्टॉल लगाए थे। इन उत्पादों में खाद्य सामग्री, वस्त्र, सजावटी सामान और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल थे, जिन्हें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने सराहा। अधिवेशन में वर्षभर के कार्यों की समीक्षा और अगले वर्ष की योजनाओं पर चर्चा की गई। संकुल संगठन ने बेहतर कार्य करने वाले केडरों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अगनू राम कुमेटी, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, जयराम कुंभकार, मीणा मांझी, एसीईओ एसएस दुग्गा एवं प्रभारी बीपीएम एमएल उइके शामिल हुए।

# गांव के स्कूल में मनाया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों



ने छत्तीसगढ़ी भाषा के संदर्भ में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी लगभग दो करोड़ लोगों की भाषा है। इसे 66 प्रतिशत लोग बोलते और समझते हैं। इस अवसर पर शिक्षकों एवं बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत, कविता का गायन किया।कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, रामनारायण साहू उपस्थित थे।

# दैहान सड़क का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

जादूटोला से दैहान सड़क का वर्षों से हाल बेहाल है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं। पूरी सड़क उखड चुकी है। इन दिनों किसान ट्रेक्टर से धान की फसल खेतों से ला रहा है जो सड़क के जर्जर होने से गिर रहा है। इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन दुर्घटना होते रहती है। इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीण, बच्चे काफी परेशान हो रहे हैं।

यह सड़क जोशीलमती, गैंदाटोला से महाराष्ट्र को जोड़ती है , जिसकी मरम्मत कराना आवश्यक हो गया है। क्षेत्र के फेरूराम सिन्हा, सागर सिन्हा, ललित सिन्हा, अमृत पटवा, बसंत सिन्हा, नरेशकुमार गजेन्द्र विजय कुमार भारतद्वाज, अश्वनी सिन्हा, गिरजानंद सिन्हा, दुर्जनलाल चन्द्रवंशी, उदेराम चन्द्रवंशी, सुरीत कुमार कुमलकर, भोलाराम कोटेलकर, महेश बंजारे आदि ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।



# डेंजर जोन बना लाल बहादुर नगर का मोड़

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर का बस स्टैंड मोड़ डेंजर जोन बन गया है। आए दिन यहाँ दुर्घटना होते रहती है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। बीती रात मोड़ में गाड़ी पलटते हुए भाजपा नेता मनोज कांडे के घर जा घुसी। दुकान और उनकी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। नगर के राकेश सिन्हा ने बताया कि इससे पहले भी यहां पर कई बार घटनाएं हो चुकी है।



# नशा त्यागने का विधायक बघेल ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम पंचायत खैरझिटी में सिन्हा समाज द्वारा आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई। यह आयोजन आराध्य सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन की जयंती के अवसर पर किया गया था। विधायक बघेल ने समाज की गौरवशाली परंपराओं को याद किया और सहस्त्रबाहु तथा माता बहादुर कलारिन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज उत्थान के लिए नशा का त्याग करना आवश्यक है। नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज को कमजोर करता है।

#### शहर में बेरोकटोक बिक रही शराब

आबकारी विभाग की नाकामी और अधिकारियों के मुख्यालय में नहीं रहने से शराब की अवैध बिक्री धडल्ले से हो रही हैं। उपर मंदिर छिरपानी मार्ग, बधियाटोला, मटन मार्केट में शराब बिकने की शिकायत मिल रही है। पुलिस अधीक्षक की कड़ाई के बाद पुलिस ने होटल और ढाबों में शराब बिकना बंद करा दिया है किन्तु कुछ दुकानों और घरों में अभी भी शराब बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के शराब कोचिया मेढा एवं बोरतलाव सरकारी दुकान से शराब लाकर शहर में बेच रहे हैं। टीआई संतोष जयसवाल ने बताया कि कुछ स्थानों में शराब बिक्री की जानकारी मिली है। घेराबंदी कर शीघ्र ही छापामार कार्यवाही की जाएगी।


स्वागत... वंदन...
अभिनंदन...
मान. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
मान. संतोष पांडेय जी
सांसद राजनांदगांव
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मान. डा. रमन सिंह जी
विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. शासन
जनजाति गौरव दिवस
में पधारे प्रदेश के यशस्वी
मुख्यमंत्री मान. विष्णुदेव साय जी
विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह जी
एवं समस्त अतिथियों के
मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी आगमन पर
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...
संजीव शाह
पूर्व विधायक अंबागढ़ चौकी


स्वागत...
वंदन...
अभिनंदन...
जनजाति
गौरव दिवस
मान. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
मान. संतोष पांडेय जी
सांसद राजनांदगांव
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मान. डा. रमन सिंह जी
विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. शासन
में पधारे प्रदेश के यशस्वी
मुख्यमंत्री मान. विष्णुदेव साय जी
विधानसभा अध्यक्ष मान. डॉ. रमन सिंह जी
एवं समस्त अतिथियों के
मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी आगमन पर
हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन...

# शराब पीने के लिए पैसे की मांग, आरोपी पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने व ना देने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 नवंबर को अपने घर से मार्केट जा रहा था। गौरवपथ के पास तीन लोग मोटर साइकिल में उसके पास आकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे, पैसा नहीं देने पर हाथ-मुक्कों से मारने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 119(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी

### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों के निश्चित ठिकानों में पतासाजी कर विजय लहरे 19 साल निवासी कौरिनभाठा, पिन्टु मरकाम 28 साल निवासी बसंतपुर, विजय भारती 28 साल निवासी कौरिनभाठा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## 30 बंडल केबल वायर की चोरी आरोपी पर की गई कार्रवाई

विधि से संघर्षरत बालकों द्वारा निर्माणाधीन मकान से 30 बंडल केबल वायर चोरी कर केवल वायर को जलाकर कबाड़ी के पास बेच दिए थे।



पुलिस ने इस मामले में कबाड़ी दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सांई दर्शन नगर में 21 नवंबर को रात्रि करीबन साढे 12 बजे के लगभग निर्माणाधीन मकान से 20-30 बंडल केबल वायर जिसकी कीमत लगभग 50000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया, जिस पर थाना बसंतपुर में धारा 331(4), 317 बीएनएस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते माल मुल्जिम की पतासाजी हेतु शहर के चौक-चौराहे में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन पर तीन विधि से संघर्षरत बालकों से पूछताछ किया गया। जिनके द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किए तथा चोरी गए केबल वायर को जलाकर सागरपारा के पास कबाड़ी के दुकान में बेचना बताया, जिस पर आरोपी सुखदेव पटेल 21 साल निवासी सागरपारा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिनके द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## जनजाति गौरव दिवस आज

**मोहला।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कल 3 दिसंबर को क्रिकेट मैदान अंबागढ़ चौकी में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ठ अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहेंगे।

जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन द्वारा आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पर्यटन, श्रम कल्याण, औषधि पादप बोर्ड सहित विभिन्न बोर्ड व निगमों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। जिनमें नीलू शर्मा, योगेश दत्त मिश्रा और विकास मरकाम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत मोहला-मानपुर अध्यक्ष नम्रता सिंह तथा राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव एवं महापौर मधुसुदन भी शामिल रहेंगे।

इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक संजीव शाह, सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुनऊराम फुलकांवरे शामिल रहेंगे। इसी क्रम में जनजातीय संगठनों एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। जिनमें मनहरण पिथौरा, एमडी ठाकुर, लेकेश्वर ठाकुर, राजेश ताम्रकार, लक्ष्मेन्द्र शाह, आत्माराम चंद्रवंशी तथा चिंताराम नायक शामिल होंगे।









## खबर संक्षेप

### मक्के में उल्लास नवभारत साक्षरता का महाअभियान परीक्षा रैली



**कवर्धा।** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अन्तर्गत 07 दिसंबर 2025 को महापरीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। जिसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शासकीय प्राथमिक शाला मक्के के बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई जिसमें प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ग्राम प्रभारी द्वारा सभी शिक्षार्थियों से अपील की गई है कि 7 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में आकर सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 के बीच उल्लास नवभारत साक्षरता की मूल्यांकन परीक्षा में अवश्य भाग लें। प्रधान पाठक कपूर राम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, एसएमसी अध्यक्ष अयोध्या साहू, दुखिया साहू, सदस्य रजवंती साहू, मधु, राजकुमारी, रसोईया राजन साहू, कमल साहू, मोहित साहू,भागीरथी साहू और बच्चे उपस्थित रहे ।

### कबीरधाम में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त लोकेश कांवड़िया का स्वागत



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी के आव्हान पर भाजपा शहर मंडल के नेतृत्व में सोमवार को छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त लोकेश कांवड़िया का जिले में आगमन पर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। उनके सर्किट हाउस पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पगुच्छ भेंट किया और गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कांवड़िया के एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान जिले में आयोजित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम तय है। आगमन के साथ ही कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। स्वागत अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि कांवड़िया का यह दौरा जिले में सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। सर्किट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल के प्रतिनिधि, महिला कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने कांवड़िया का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**IN THE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR CAVEAT APPLICATION NO. OF 2025 (PROPOSED WRIT PETITION (S) NO. / 2025)**

**CAVEATOR / PROPOSED RESPONDENT**

Bhoramdeo Sahakari Shakkar Karkhana Maryadit, Through Managing Director / Authorized Officer, Village & Post Ramhepur, District Kawardha (Kabirdham), Chhattisgarh.

**VERSUS**

**NON–CAVEATOR / PROPOSED PETITIONER**

All concerned to whom so relates (public at large)

**PUBLIC NOTICE / CAVEAT NOTICE**

(To be Published in Newspaper as required under Rule 142 of the High Court of Chhattisgarh Rules, 2007)

Take notice that Bhoramdeo Sahakari Shakkar Karkhana Maryadit, Ramhepur, District Kawardha (Kabirdham), Chhattisgarh, has filed a Caveat Application before the High Court of Chhattisgarh at Bilaspur against any writ petition likely to be filed by Public at Large relating to the orders dated 28/11/2025 (क्रमांक गन्ना/ क्षेत्र आरक्षण / 2025-26 /90) and 01/12/2025 (क्रमांक / 9604 / गन्ना / श.का. / 2025 ) issued by the Commissioner and Collector Kawardha.

Any person intending to file such petition is informed that no interim order shall be passed without hearing the Caveator.

**Address for Notice:**
**Shri Gagan Tiwari, Advocate, Chamber No. 29, Swarn Chamber, Opp. Gate No. 3, High Court of Chhattisgarh, Bilaspur (C.G.)**
**Email: tiwari.gagan19@gmail.com**
**Mobile: 7566992239**
**Caveator**
**Bhoramdeo Sahakari Shakkar Karkhana Maryadit**

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बोड़ला ब्लॉक के 8 स्कूलों में स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

# जिले के वनांचल में डिजिटल शिक्षा क्रांति का हो रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

डिजिटल शिक्षा की पहल को आगे बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबना कला से बोड़ला ब्लॉक के 08 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास-रूम की शुरुआत की। कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड में स्मार्ट क्लासेज की शुरुआत की जा चुकी है। जिसके पश्चात अब बोड़ला विकासखंड के स्कूलों में स्मार्ट क्लास प्रारंभ किए गए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की यह पहल वनांचल क्षेत्रों तक डिजिटल शिक्षा को विस्तार दे रही है। स्मार्ट क्लास शुभारंभ के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेंद्र साहू, श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, नितेश अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नीलू साहू, नरेश साहू, गुलाब साहू, लखन पटेल, रूपलाल साहू, योगेश साहू, शत्रुहन पटेल, श्रीमती दिलकनी सुरेश साहू, जिला शिक्षाधिकारी एफ आर वर्मा सहित स्कूल के शिक्षकगण, छात्र छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लासेज आधुनिक तकनीकों, 3 एनीमेशन और ऑडियो वीडियो कंटेंट का उपयोग कर बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सरल और रोचक बनाएगी। स्मार्ट क्लास की मदद से विद्यार्थी विज्ञान, गणित, भूगोल जैसे कॉन्सेप्ट आधारित विषयों को एनिमेशन, वीडियो और इंटरैक्टिव लर्निंग के माध्यम से अधिक प्रभावी तरीके से सीख सकेंगे। जिसका लाभ उन्हें इन विषयों के जटिल कॉन्सेप्ट को क्लियर करने और बुनियादी समझ को मजबूत बनाने में मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े होने के कारण स्मार्ट क्लासेज के माध्यम से दूसरे स्कूलों से विषय विशेषज्ञ और एक्सपर्ट्स भी बच्चों की एक साथ क्लास ले सकेंगे। उन्होंने विज्ञान और गणित के साथ के साथ भूगोल तथा अन्य विषयों की पढ़ाई स्मार्ट क्लास से करवाने के लिए कहा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस दौरान बच्चों के साथ बैठकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पादप कोशिका की संरचना एवं विभिन्न अंगों के बारे में 3 इमेजिंग के माध्यम से लाइव प्रदर्शन देखा। उन्होंने छात्रों से कहा कि डिजिटल बोर्ड से किसी विषय का आयामी चित्र एवं ऑडियो विजुअल के साथ प्रस्तुतीकरण काफी इंटरेक्टिव तरीके से किया जाता है। जिससे कठिन विषय भी आसानी से समझ आते हैं। अतः इसका पूरा लाभ उठाएं और विषयों पर अच्छी पकड़ बनाएं। यह पहल केवल आधुनिक उपकरण स्थापित करने तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण और सुदूर वनांचल इलाकों के छात्रों के लिए शिक्षा प्रणाली को आधुनिक, सुलभ और प्रेरक बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। गौरतलब है कि जिले के 50 हायर सेकेंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित किए जा रहे हैं।

#### विजय शर्मा ने बच्चों से जाने उनके अनुभव, किया प्रोत्साहित



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस दौरान ऑनलाइन जुड़े सभी 8 स्कूलों के बच्चों से बात कर स्मार्ट क्लास से पढ़ाई के संबंध में उनके अनुभव जाने। बच्चों ने बताया कि अब विज्ञान और गणित जैसे विषयों को समझने में बड़ी आसानी हो रही है। उन्होंने इस सुविधा के लिए श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि स्कूलों में उन्नत संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है ताकि पढ़ाई लिखाई बेहतर हो। उन्होंने छात्रों से कहा कि भविष्य में क्या बनना है यह लक्ष्य तय कर खूब मेहनत और लगन से पढ़ाई करें।

#### इन स्कूलों में हुई स्मार्ट क्लास की शुरुआत

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने खैरबना कला में आयोजित कार्यक्रम से बोड़ला विकासखंड के 8 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत हुई। जिसमें शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरबना कला, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल राजा नवागांव, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर, भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर महाराजपुर, शासकीय हाई स्कूल रौचन, शासकीय हाई स्कूल मिनमिनिया मैदान, शासकीय हाई स्कूल जुनवानी जंगल और शासकीय हाई स्कूल बेंगरची स्कूल शामिल है।

# राम्हेपुर कला में मितानिन दिवस पर मितानिनों का किया श्रीफल साल व साड़ी से सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में मितानिन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी वार्ड की मितानिनों को सम्मानित किया गया। मितानिनों को श्रीफल साड़ी और साल व तिलक लगाकर व पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया गया और स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पा मरकाम सचिव टेकराम डहरिया क्षेत्र के जनपद सदस्य भागवत बंजारे के हाथों मितानिनों को सम्मानित किया गया, जिससे वे उत्साहित और गर्वित नजर आई। इस वर्ष सभी मितानिनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई वार्ड के पंच ने भी अपने-अपने क्षेत्र की मितानिनों का सम्मान किया और उनके कार्यों की सराहना की ऋषि मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के रीढ़ की हड्डी हमारी मितानिन बहने हैं। जिनके बिना घर-घर पहुंच पाना संभव नहीं है मितानिनों ने स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाते हुए समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहायता प्रदान की है, जिसके चलते उनका योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। मितानिनों के इस सम्मान समारोह में उनके उत्साह और प्रेरणा को देखा गया, क्योंकि उन्होंने अपने कार्यों के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाया है। मितानिन दिवस के इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि मितानिनों का काम सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का काम भी करता है। कार्यक्रम में मितानिन सविता धनेश्वरी सुनीता कुंती बाई हीरामणि उपसरपंच रमेश कुमार यादव रोजगार सहायक परमेश्वर लहरे एवं समस्त पंचगण गीतू यादव, सालिक साहू अवध बंजारे सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोडला (जीएसवीसी) में आज विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य उमेश पाठक के निर्देशन में एवं यूथ रेड क्रॉस प्रभारी सनत कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का तत्त्वाधान लाइफ साइंस विभाग, यूथ रेड क्रॉस, एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, बचाव के तरीके और इससे जुड़े सामाजिक मिथकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को सुरक्षित व्यवहार, जागरूकता, तथा समय पर जांच के महत्व पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली निकाला गया और नगर के बाजार चौक में पहुंचकर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन भी किया गया नगर के लोगों ने ध्यान पूर्वक देखें और समझे कि बीमारी से कैसे बचे, इसका रोकथाम के बारे में भी जानकारी लिए। साथ ही महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एड्स जागरूकता को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में राहुल मरकाम प्रथम, लक्ष्मी पटेल द्वितीय और इत्तम धुर्वे तृतीय स्थान में रहे । वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। युवाओं को सही जानकारी देकर स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्राध्यापक शंकर साहू ने किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा, बलदाऊ यादव, पुखराज भारद्वाज, जयंक खुराना, कोमल मिश्रा, वसुमित्र शुक्ला, प्रिया राठौर एवं अधिक संख्या में छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।




# सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत बालिकाओं को साइकिल वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सुकली गोविंद में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं की 14 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। जिससे बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे साथ ही साथ शाला के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता के द्वारा समस्त प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल सुकली गोविंद के विद्यार्थियों के लिए नेवता भोजन का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट जनपद सदस्य सुखचंद भास्कर शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मालिक राम यादव, सरपंच पंच और गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए , साइकिल वितरण के बाद सभी मुख्य अतिथियों ने बच्चों के साथ नीचे बैठकर भोजन किया मुख्य अतिथि भट्ट ने शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना, निःशुल्क पाठयपुस्तक व गणवेश योजना के बारे में बताया, विद्यार्थियों में शिक्षा के महत्व को बताते हुए उन्हें कड़ी मेहनत करने के लिए कहा, साथ ही समाज में शिक्षक के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# पंडरिया विधायक ने वार्ड में किया जनसंपर्क लोगों की सुनी समस्याएं किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरिया

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद, पंडरिया के वार्ड क्रमांक-06 में जनसंपर्क अभियान के तहत वार्डवासियों से भेंट कर उनके आवश्यक सुझावों और समस्याओं को सुना। साथ ही समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, सुदृढ़ व्यवस्थाएं और सतत विकास सुनिश्चित हो, यही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# हितग्राही पीएम आवास के लिए आज भी कर रहे हैं इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

गरीबों के लिए बनाई गई पीएम आवास योजना ताकि गांव-गांव के सभी गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के अंतर्गत लाभ मिल सके जानकारी के अनुसार गांवों के गरीब मजदूरों को पीएम आवास योजना से आज भी वंचित है ग्राम सिंघनपुरी राजकुमार निर्मलकर, नंदू राम पटेल, विशेलाल पटेल, सूरज पटेल, गोकुल पटेल, सौखी रमेकर, आरती रमेकर, संजय पटेल, दयाल बंजारे ग्राम बीजाझोरी फागू यादव गुहरा राम यादव, रामाधार यादव, जनक साहू रमेश यादव ग्राम चंदनपुर निवासी राजू लहरे ईश्वरी लहरे लाल चंद लहरे महेश कोसले राम्हेपुर कला रेखा टंडन मनमोहन टंडन बरमत बाई टंडन सुखराम साहू, हरिनछपरा अवध भारती मालती बाई जांगड़े दौजरी अशोक धुर्वे संतोष धुर्वे, इतवारी यादव, धन कुमार यादव, सीताबाई धुर्वे, नागेश्वर गोस्वामी, विसर्जन धुर्वे, लक्ष्मी दौलत, ओम प्रकाश जेवडन खुर्द ललित श्रीवास शंकर श्रीवास नाऊडीह उर्वशी बाई यादव सारंगपुर खुर्द राजू धुर्वे, रमेश धुर्वे, बरबसपुर कन्हाई पिता लतेल भगत कोसरिया इत्यादि गांव के गरीब मजदूर हितग्राही के घरों कच्ची मकान तथा झोपड़ी नुमा खरपतवार से ढके हुए तथा पॉलिथीन झिल्ली ढक कर बरसात और गर्मी के दिनों में गुजर बसर करने के लिए मजबूर हैं इन सभी गरीब पीएम आवास योजना के अंतर्गत आज भी वंचित है इंतजार करना पड़ रहा है पीएम आवास नहीं मिलने से परेशान है यदि पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्का मकान मिल जाता तो इन गरीबों को आवास का अधुरा सपना पूरा हो सकता है।



#### बैठक में 200 से अधिक कृषि अदान विक्रेता रहे शामिल

# एग्री इनपुट डिलर यूनियन कबीरधाम का हुआ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक 1 दिसंबर सोमवार को घोठिया फार्म, कवर्धा मे एग्री इनपुट डिलर युनियन कबीरधाम का बैठक हुआ जिसमे मुख्य रूप से एग्री इनपुट डिलर युनियन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मूंधणा एवं जिला के बोड़ला, पंडरिया लोहारा, एवं कवर्धा चारों विकास खण्ड के 200 से अधिक कृषि अदान विक्रेताओ के उपस्थित मे सम्पन्न हुआ।

युनियन सदस्यो के द्वारा जिला स्तर पर पदाधिकारीगण के चयन किया जिसमे उपाध्यक्ष सभी ब्लाक से चयन करते हुए मनोज चंद्रवंशी, विजय गुप्ता, कमल कुर्रे, संजय सिन्हा, सचिव विजय वैष्णव, कोषाध्यक्ष बीरबल सिन्हा एवं चिन्ता चंद्रवंशी कार्यकारिणी सदस्य गुलाल चंद्राकर, भागवत चन्द्राकर, नरेश खाद भंडार, गोलू पटेल संतोष साहू, मनीष वर्मा, दिलीप पटेल, रिंकु लुनिया, योगेश सिन्हा को चुना गया एवं संरक्षक गण मे प्रिंस सलूजा, हुलाश डड़सेना को सर्व सम्मति से चुना गया ब्लाक अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष का चयन ब्लाक एवं नगर स्तर पर बैठक कर चुना जाना शुनिश्चित किया गया है ।

उक्त बैठक को संबोधित करते हुए एग्री इनपुट डिलर युनियन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मूंधणा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीगण को बधाई देते हुए युनियन के प्रयास से हुए कार्यो को साझा किया शासन-प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमो का जानकारी विस्तार से देते हुए सभी व्यापारीयो को शासन-प्रशासन के मानक मान बिन्दुओ के पालन मे व्यवहारीक दिक्कतो को दुर करने उचित मार्गदर्शन करते हुए विभाग द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है व्यापारीयो से आग्रह किया कि उच्च गुणवत्ता के सामग्री का उचित मूल्य मे विक्रय एवं प्रदर्शन करे।

उक्त बैठक को संबोधित करते हुए युनियन के जिलाध्यक्ष भूखन साहू ने सभी को व्यापारिक समस्याओ के निराकरण के लिए व्यक्तिगत व्यापार प्रतिस्पर्धा भावना से हट कर संगठित होने का अपील किया कार्यक्रम का संचालन विजय गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन विजय वैष्णव द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रिंस सलूजा एवं कमल कुर्रे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# नवीन जायसवाल के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने पर कुंडा के कार्यकर्ताओं में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



कबीरधाम जिला का कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल का बनने के बाद क्षेत्र वासियों में खुशी का माहौल जिसमें बधाई शुभकामनाएं देने का ताता लगा हुआ है। कुंडा कांग्रेस कमेटी के द्वारा नवीन जायसवाल का कबीरधाम कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया आज कबीरधाम कांग्रेस कमेटी के नवीन जायसवाल को जिला अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगा अभी वर्तमान में नवीन जायसवाल पंडरिया ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त था वह अपने कार्यकाल को बहुत अच्छा से निभाया है सभी को एक साथ लेकर चलते हैं किसी के साथ भेदभाव नहीं किया और अपने कांग्रेस पार्टी के लिए हमेशा आगे आकर काम किया हमेशा संगठन के लिए काम करते आ रहे हैं आज इसी का फल है कि उसे जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है।

और आगे भी कांग्रेस पार्टी के लिए अच्छी काम करेगा इसी के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं कुंडा कांग्रेस कमेटी द्वारा दिया गया जिसमें कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर पवन शर्मा दिनेश पाण्डेय सनत चंद्राकर साधेराम अनंत रामविलास चंद्रवंशी, मोचन चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, योगेश्वर चंद्राकर, भरत साहू, खेमू साहू, परमानंद साहू, श्रीमती आरती सुमन सुनील जोशी रामअवतार सिंगरोल हेमंत सिंहरोल शिवसिंह चौहान लाला चंद्रवंशी, लखन सिंगरौल मुन्ना खान रोमी पाल ओंकार साहू, अंशु साहू, शुभम साहू, प्रशांत खांडे, बद्री खंडे, गुरुनद गोस्वामी, नकुल सिंह, चौहान राजेंद्र चंद्रवंशी, हरीश कुमार, बलदाऊ साहू समस्त कांग्रेस कमेटी कुंडा की कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## खबर संक्षेप




### विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**कवर्धा।** ग्राम खपरी में ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित वाणी विद्या मंदिर विद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जन जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के सह सचिव दिनेश चंद्रवंशी ने बताया की इस दिन का उद्देश्य एचआईवी के खिलाफ एकजुट होना, प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति बढ़ाना, एड्स के बारे में सही जानकारी देना, एड्स के व्याप्त गलतफहमियों को दूर करना है। एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के साथ रहने, हाथ मिलाने से यह रोग नही होता है। उन्होने कहा कि हमारे समाज में इस बीमारी के बारे में बहुत डर और घृणा है उसे दूर करना ही इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है। विश्व एड्स दिवस के मौके पर विद्यार्थियों ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य सुदर्शन चंद्रवंशी, प्रधानाचार्य द्वारिका सिन्हा, अजय नेताम, विष्णु साहू, रामकुमार, रीतू चंद्रवंशी, भारती सहित सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### एसआईआर कार्य का किया गया निरीक्षण

**कवर्धा।** दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा के साथ शहर के बूथ क्रमांक 206 में संचालित एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों से विशेष गहन पुनरीक्षण की अब तक की प्रगति की जानकारी ली। संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत एसआईआर कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर ने स्पष्ट किया कि यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता, सत्यापन एवं नियमानुसार किया जाए, जिससे मतदाता सूची की गुणवत्ता में सुधार हो और किसी भी प्रकार की त्रुटि न थे।

### पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसम्बर तक

**कवर्धा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों द्वारा किसी विशेष घटना में प्रदर्शित अदम्य साहस एवं अनुकरणीय बुद्धिमत्ता के सम्मान के लिए इच्छुक बालक, बालिकाएँ अथवा उनके अभिभावक पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं आवश्यक सभी दस्तावेजों सहित अपना आवेदन 20 दिसंबर 2025 को सायं 05.30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**लापरवाही:** सड़क मरम्मत के नाम पर पीली मिट्टी डालने से और समस्या बढ़ी

# सड़क मरम्मत के नाम पर लीपापोती, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिलेवासियों की मांग एवं समस्याओं को देखते हुए विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर विभिन्न योजनाओं और मदों से कराड़ों की राशि स्वीकृत की जा रही है। क्षेत्रीय औहदेदार शासन द्वारा स्वीकृत इन विकास एवं निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर जमकर वाहवाही और सुर्खियां भी बटोर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन द्वारा लोगों की वर्षो पुरानी मांग और समस्याओं को देखते हुए स्वीकृत किए गए इन विकास और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता, निर्माण कार्य पैमाना तथा यह देखने की फुर्सत किसी भी जिम्मेदार को नहीं है कि स्वीकृत कार्य वास्तव में निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो रहा है या नहीं। यही वजह है कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर नगरीय और ग्रामीण अंचलों में इन दिनो कराए जा रहे अधिकांश विकास एवं निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र से सामने आया है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, बसनी, पेंड्रीकला, हथमुड़ी क्षेत्र की वर्षो पुरानी मांग और आवागमन की समस्याओं को देखते हुए शासन ने ग्राम कोलेगांव से बसनी पेंड्रीकला हथमुड़ी तक सड़क मरम्मत कार्य की स्वीकृति प्रदान की है। बताया जाता है कि सड़क मरम्मत की स्वीकृति प्रदान होने के बाद संबंधित विभाग ने इसका ठेका भी जारी कर दिया है और संबंधित विभागीय ठेकेदार ने मरम्मत कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। लेकिन क्षेत्रवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा इस कार्य में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। मरम्मत के नाम पर विभाग और उसके ठेकेदार द्वारा थूक पालिस करते हुए पीली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। वह भी जहां ज्यादा गड्ढे है और सड़क जर्जर है वहां मरम्मत कार्य किया ही नहीं जा रहा है।

**चिकनी सड़क में बढ़ी दुर्घटना की संभावना**




ग्रामीणों ने बताया कि उन्होने सोचा था कि सड़क मरम्मत के बाद जर्जर और खस्ताहाल सड़क से होने वाली समस्याओं से उन्हें मुक्ति मिलेगी और वे सुलभ आवागमन कर पाएंगे लेकिन ग्रामीणों की माने तो सड़क मरम्मत के नाम ग्राम बसनी के अटल चौक के पास पीली मिट्टी डाल दी गई है। जिसके बाद स्थिति ये है कि नाली के आभाव में गांव के घरों से निकलने वाले पानी से सड़क में डाली गई मिट्टी दलदल में तब्दील हो चुकी है। जिससे मार्ग में आवागमन पहले से भी ज्यादा मुस्किल हो गया। ग्रामीणों ने बताया चिकनी और गीली मिट्टी में दो पहिया वाहन फिसल रहे हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से स्वीकृत कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण और जनसुविधाओं के अनुरूप कराए जाने की मांग की है।

## संभागायुक्त राठौर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

- अस्पताल प्रशासन को दिए आश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर गत सोमवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा के साथ जिला अस्पताल कवर्धा के औचक निरीक्षण में पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न वार्डों तथा स्वास्थ्य सेवाओं का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने एसएनसीओ वार्ड, हमर लैब, सीटी स्कैन यूनिट, लेबर वार्ड तथा अन्य महत्त्वपूर्ण विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री राठौर ने सिटी स्कैन वार्ड में पहुंचकर तकनीशियनों से मशीन के संचालन, मरीजों की संख्या तथा सेवा व्यवस्था संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन का 24 गणित 7 संचालन स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि लगातार उपलब्ध रहने वाली यह सेवा दूरदराज के ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि जिले में सीटी स्कैन सेवा पूरी तरह सुचारू है। ट्रेंड टेक्नीशियन तथा मेडिकल स्टाफ की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। प्रतिदिन 10 से 15 मरीजों का न्यूनतम शुल्क में सीटी स्कैन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विगत तीन महीनों में कुल 744 मरीजों का सीटी स्कैन किया जा चुका है, जिससे लोगों को समय पर जांच एवं उपचार मिल रहा है। इसके बाद संभागायुक्त श्री राठौर महिला एवं लेबर वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की स्थिति देखी। उन्होंने वार्ड की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था तथा माताओं व नवजातों को प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया।

श्री राठौर ने प्रसूता महिलाओं से सीधे संवाद कर उनको मिल रही सुविधा, उपचार एवं भोजन आदि के संबंध में फीडबैक भी लिया। प्रसूताओं ने जिला अस्पताल की सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि कवर्धा जिला अस्पताल की मातृ-शिशु सेवाएं इतनी सुगम और सुदृढ़ हो रही हैं कि अब सुदूर वनांचल क्षेत्रों के अलावा खैरागढ़, बेमेतरा, गंडई तथा पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के मंडला जिले के लोग भी यहां प्रसव के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित प्रसव हेतु सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।

साथ ही वनांचल क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवति माताओं के लिए सोनोग्राफी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें प्रारंभिक जांच एवं आवश्यक परामर्श गांव के नजदीक ही प्राप्त हो सके।

# बोड़ला की दो हॉकी खिलाड़ी इंडिया कैम्प के लिए चयनित

## जय हिन्द हॉकी क्लब दे रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला





जय हिन्द हॉकी क्लब बोड़ला की यशोदा मेरावी और दामिनी खुसरो का चयन जूनियर वीमेन हॉकी इंडिया कैम्प के लिए हुआ है। 1 अगस्त से 12 अगस्त 2025 तक काकीनाड़ा (आंध्रप्रदेश) में आयोजित 15 वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर देशभर की 40 खिलाड़ियों में इनका चयन हुआ है।

यह कैम्प 16 से 23 जनवरी 2026 तक नेकिओ बैंगलोर में आयोजित किया जाएगा। इन खिलाड़ियों के साथ जूनियर महिला हॉकी इंडिया की कोर टीम में शामिल अलग से 41 खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगी, जिनके साथ अगले सत्र की कोर टीम चयन हेतु ट्रायल लिया जाएगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि बोड़ला क्षेत्र की यशोदा और दामिनी से पहले गीता यादव और ममतेश्वरी लहरे भी इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं और वर्तमान में जूनियर महिला हॉकी इंडिया की कोर टीम की सदस्य हैं।

पिछले तीन वर्षो से लगातार बोड़ला के खिलाड़ियों का चयन इस कैम्प में हो रहा है, जो प्रदेश में महिला हॉकी में बोड़ला की बढ़ती बादशाहत का प्रमाण है। इन सभी खिलाड़ियों में एक समानता यह है कि शिव सिंह चौहान ने सबसे पहले इन्हें हॉकी स्टिक थमाई और प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया। इसके बाद हिमांशु चंद्रवंशी ने अपने मार्गदर्शन से इन खिलाड़ियों को निखारने का काम किया। वर्तमान में शिव सिंह चौहान बिलासपुर में निवासरत हैं, लेकिन हॉकी के प्रति लगाव के कारण बोड़ला आकर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना चाहते हैं। हिमांशु चंद्रवंशी, जो अंबागढ़ चौकी के निवासी हैं, पिछले 8 वर्षो से निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। आज भी 100 से अधिक खिलाड़ी रोजाना मैदान में हिमांशु चंद्रवंशी एवं ब्रिजेश चंद्रवंशी से निःशुल्क प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके बावजूद खिलाड़ियों के पास उपयुक्त मैदान, गोलपोस्ट, पर्याप्त हॉकी स्टिक, बॉल और अन्य जरूरी उपकरणों की भारी कमी है। इन आधारभूत सुविधाओं के अभाव में भी बोड़ला की बेटियां अपने कोचों की मेहनत और स्वयं के संघर्ष से नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुकी इन खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का यह अधिकार है कि शासन उनकी मेहनत का सम्मान करते हुए सर्वोत्तम खेल सुविधाएं उपलब्ध कराए।

## पंडरिया विधायक ने छात्राओं को बांटी निःशुल्क सायकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पंडरिया में सरस्वती सायकिल योजना के तहत छात्राओं को सायकिल वितरण कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर उनसे संवाद कर अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। यह सायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा है। सरस्वती सायकिल योजना ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की बेटियों को शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं से बेटियों को न सिर्फ सुविधाएँ मिलती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, साहस और आगे बढ़ने का उत्साह भी बढ़ता है। बेटियों को शिक्षित, सक्षम और सशक्त बनाना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं। इस अवसर पर नगर पालिका पंडरिया की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित थे।

## हाई स्कूल बड़ौदाकला में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) एवं मिशन वात्सल्य टीम द्वारा हाई स्कूल बड़ौदाकला में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले में संचालित 16 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में लिंग समानता को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं और बालकों को उनके अधिकारों से अवगत कराना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को लिंग असमानता, बाल अधिकारों तथा समाज में प्रचलित विभिन्न भेदभावपूर्ण कुरीतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि बेटियों को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मान प्रदान करना ही एक प्रगतिशील एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। अभियान में यह भी समझाया गया कि लिंग आधारित हिंसा किसी भी व्यक्ति के लिंग, पहचान या सामाजिक भूमिकाओं के आधार पर की जाने वाली हिंसा है, जो महिलाओं, पुरुषों, बच्चों सहित संपूर्ण समुदाय को प्रभावित करती है। प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि ऐसी सामाजिक चुनौती का समाधान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज, परिवार, युवा वर्ग तथा शैक्षणिक संस्थानों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में सम्मान, समानता और जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित, समावेशी और सशक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ महिला कोष, गर्भ संस्कार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना एवं नवा बिहान सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## हाई स्कूल छिरहा के डॉ. रमेश चन्द्रवंशी पुनः बने प्राचार्य

- मेरा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय को केंद्र में रखकर करेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को एक बार फिर से प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है। इसपर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार हाल ही में पदस्थ प्राचार्य के 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने के कारण आगामी आदेश तक डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है। प्राचार्य का दायित्व पुनः ग्रहण करने के बाद डॉ. चन्द्रवंशी ने कहा कि उनका मुख्य केंद्र बिंदु मेरा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय होगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ टीम भावना से काम करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहेंगे। डॉ. चन्द्रवंशी विद्यालय में विद्यार्थियों के हित में कई नवाचारों के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अपने कार्यों के लिए राज्यपाल के हाथों एकसाथ दो पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धि एक ही विश्वविद्यालय से तेरह विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी दर्ज है। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में उनके कुशल नेतृत्व में शासकीय हाई स्कूल छिरहा गणित मेला का सफल आयोजन करने वाला जिले का पहला विद्यालय बना है, जो उनकी प्रशासनिक क्षमता और शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

## बाल विवाह मुक्त वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में बाल विवाह मुक्त वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह उन्मूलन के लिए जनजागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों, अभिभावकों एवं समुदाय को बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त कबीरधाम बनाने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने बाल विवाह की वर्तमान स्थिति, कानूनी प्रावधानों, सामाजिक-आर्थिक प्रभावों तथा रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अतिथियों ने बताया कि कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका तथा 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह कराना दंडनीय अपराध है। बाल विवाह रोकने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी तथा बाल संरक्षण तंत्र के माध्यम से त्वरित हस्तक्षेप, उम्र सत्यापन तथा परिवारों से सतत संवाद जारी है। कार्यक्रम में यह उल्लेख किया गया कि कम उम्र में विवाह के कारण बच्चों की शिक्षा बाधित होती है और विवाहोपरांत घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उच्च शिक्षा भी प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने बताया कि कम उम्र में गर्भधारण से कुपोषण, एनीमिया, प्रसव संबंधी जटिलताएं एवं स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। किशोरी स्वास्थ्य दिवस, पोषण कार्यक्रम, नियमित स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि समय से पहले विवाह परिवार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। विवाह का खर्च, कर्ज की स्थिति और शिक्षा रुकने से गरीबी का दुष्चक्र गहरा होता है। कम उम्र का विवाह लैंगिक असमानता को बढ़ावा देता है, जिससे समाज की प्रगति बाधित होती है। विद्यालयों के विद्यार्थियों स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयकृद्वारा बाल विवाह और पॉक्सो एक्ट पर आधारित नाटक, गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों ने बाल विवाह के जोखिम, कानून और संरक्षण तंत्र को सरल और प्रभावशाली रूप में दर्शाया।

**जिला कबड्डी संघ कबीरधाम ने विकासखण्ड बोड़ला के अचानकपुर में किया ट्रायल**

# जूनियर कबड्डी टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला




जिला कबड्डी संघ कबीरधाम द्वारा जूनियर कबड्डी बालक एवं बालिका वर्ग का ट्रायल अचानकपुर, बोड़ला में गत दिनो आयोजित किया गया। ट्रायल में जिले के सभी ब्लॉकों से खिलाड़ियों ने पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और शानदार प्रदर्शन किया। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बलौदा बाजार, भाटापारा में 5 से 7 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगी। कबीरधाम जिला कबड्डी टीम में बालक वर्ग से पुष्पराज साहू पंडरिया, गीत पंडरिया, कमलेश बोड़ला, करण निषाद कवर्धा, मुकेश पंडरिया, गौतम पंडरिया, धर्मेंद्र पंडरिया, भुनेश बोड़ला, देवा कश्यप पंडरिया, सौरभ पंडरिया, नीलकमल बोड़ला, राहुल तिलगम बोड़ला, भावेश पंडरिया, साहिल कश्यप पंडरिया (अतिरिक्त), जीतन लहरे कवर्धा (अतिरिक्त), दिव्यांश पंडरिया (अतिरिक्त) को शामिल किया गया है। इसी प्रकार बालिका टीम में सरिता बोड़ला, हिमांशी बोड़ला, ज्योति पंडरिया, सीमा बोड़ला, उमा पंडरिया, सोनिया पंडरिया, सरस्वती बोड़ला, संतोषी पंडरिया, भुवनेश्वरी पंडरिया, राखी कवर्धा, दीपिका पंडरिया, साधना बोड़ला, बिंदा बोड़ला, नीलम बोड़ला अतिरिक्त खिलाड़ियों में रानू बोड़ला तथा देवकी पंडरिया शामिल हैं। चयनकर्ताओं में राकेश कश्यप जिला कबड्डी संघ सचिव, उमराव सिंह डड़सेना जिला कबड्डी संघ उपसचिव, सुरेश चंद्रवंशी बोड़ला ब्लॉक कबड्डी संघ अध्यक्ष, कमल दास मूर्चले, धीराजी राम साहू, चुन्नू राम धुर्वे, प्रकाश टेकाम, मोहन धुर्वे, बिसेन धुर्वे जगतारण झारिया उपस्थित थे। इन सभी की उपस्थिति में यह चयन प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हुई।

# थाना स.लोहारा का पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने किया वार्षिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सोमवार को थाना सहसपुर लोहारा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालयीन व्यवस्था, अभिलेख संधारण, मालखाना प्रबंधन तथा थाने की संपूर्ण सफाई व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण में थाना स्टाफ साफ-सुथरी वर्दी में अनुशासित रूप से उपस्थित मिला, जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा संपूर्ण स्टाफ की प्रशंसा की गई। मुंशी कक्ष, विवेचक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष एवं अन्य कार्यालयीन भागों का निरीक्षण कर उनके रख-रखाव को सुव्यवस्थित पाया गया। थाने में दर्ज अपराधों की समीक्षा के दौरान अपराध निकाल की प्रगति पर श्रीमान द्वारा टीम को बधाई दी गई और भविष्य में भी इसी सक्रियता बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर कठोर एवं सतत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाने तथा असामाजिक तत्वों पर निरंतर निगरानी रखने के लिए भी विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निगरानीशुदा बदमाशों एवं गुंडा सूची के व्यक्तियों को नियमित रूप से थाने में उपस्थित कराने पर भी जोर दिया गया। जन–सुरक्षा की भावना को मजबूत करने हेतु रात्री गश्त, विजिबल पुलिसिंग, सामुदायिक संपर्क और जनसहभागिता को और बढ़ाने का निर्देश दिया गया। सायबर अपराधों की बदलती प्रवृत्ति को देखते हुए जनता को जागरूक करने, ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताने और निरंतर जनजागरण कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा सहित सभी अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रीमान ने टीम भावना, अनुशासन, तत्परता और जनता के प्रति जवाबदेही को थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण ताकत बताते हुए सभी को प्रोत्साहित किया।